दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

एसओएस परीक्षाओं के लिए पीसीपी कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के तहत मार्च, 2027 परीक्षा सत्र के लिए फ्रेश एडमिशन और अतिरिक्त विषय श्रेणी में नामांकित अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) की कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीसीपी कक्षाएं एक से 18 फरवरी, 2027 तक आयोजित की जाएंगी। सभी संबंधित अध्ययन केंद्रों को कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने और इसकी रिपोर्ट 19 फरवरी तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित कक्षाओं का संचालन नहीं करने वाले अध्ययन केंद्रों और कक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले संबंधित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि सभी निजी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों को नवीनीकरण शुल्क 31 मार्च, 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना होगा। निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा नहीं करवाने पर संबंधित अध्ययन केंद्र का परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा।

पंजाब केसरी
TUE,27 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

एच.पी.एस.ओ.एस. छात्रों के लिए पी.सी.पी. कक्षाएं अनिवार्य

31 मार्च तक फीस जमा न करने पर रोका जाएगा अध्ययन केंद्रों का परिणाम

धर्मशाला, 26 अक्तूबर (सुनील): हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के



अंतर्गत मार्च 2027 परीक्षा सत्र के लिए फ्रैश एडमिशन और अतिरिक्त विषय श्रेणी में नामांकित अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम की कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पी.सी.पी. कक्षाएं 1 से 18 फरवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अध्ययन केंद्रों को इन कक्षाओं का सफल संचालन सुनिश्चित कर 19 फरवरी 2027 तक इसकी रिपोर्ट बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होगी।

पी.सी.पी. कक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों और इनका संचालन न करने वाले केंद्रों के एडमिट कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। डॉ. राजेश शर्मा ने आगे बताया कि सभी निजी एच.पी.एस.ओ.एस. अध्ययन केंद्रों को निर्धारित अध्ययन केंद्र नवीनीकरण शुल्क 31 मार्च 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य रहेगा।

समयावधि के भीतर शुल्क जमा न करवाने वाले अध्ययन केंद्रों का परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही इसे घोषित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रदेशभर के सभी अध्ययन केंद्रों को मार्च 2027 परीक्षा सत्र के लिए लागू संशोधित नियमों, नवीनतम निर्देशों और संशोधित विवरणिका का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

Dainik Jagran Dt 27/10/26

एसओएस परीक्षाओं के लिए पीसीपी कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2027 परीक्षा सत्र के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के तहत फ्रेश एडमिशन एवं अतिरिक्त विषय श्रेणी में नामांकित अध्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) की कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीसीपी कक्षाएं पहली फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। सभी संबंधित अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीसीपी कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें तथा इसकी रिपोर्ट 19 फरवरी, 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाएं। निर्धारित पीसीपी कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित न करने वाले अध्ययन केंद्रों तथा कक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले संबंधित अध्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।



डा. राजेश शर्मा
● जागरण आर्काइव

डा. शर्मा ने आगे बताया कि सभी निजी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों को निर्धारित अध्ययन केंद्र नवीनीकरण शुल्क 31 मार्च, 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। निर्धारित समयावधि में शुल्क जमा न करवाने की स्थिति में संबंधित अध्ययन केंद्र का परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही परिणाम जारी किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत प्रदेशभर में संचालित सभी अध्ययन केंद्रों को मार्च, 2027 परीक्षा सत्र के लिए लागू संशोधित नियमों, नवीनतम निर्देशों एवं संशोधित विवरणिका का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। डा. शर्मा ने सभी संबंधित अध्ययन केंद्रों एवं अध्यर्थियों से बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

Amar Ujala Dt. 27/10/2026

संपर्क कक्षाओं में गैरहाजिर रहे तो नहीं मिलेगा प्रवेश पत्र

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2027 की परीक्षाओं के लिए राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के नए प्रवेश और अतिरिक्त विषय श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निर्देश दिए है।

इसमें व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम की कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।

मार्च 2027 की एसओएस परीक्षाओं के लिए 1 से 18 फरवरी तक लगेंगी कक्षाएं

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संपर्क कक्षाएं 1 से 18 फरवरी, 2027 तक आयोजित होंगी। सभी अध्ययन केंद्रों को कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने और इसकी रिपोर्ट 19 फरवरी तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्देशों की अवहेलना करने वाले अध्ययन केंद्रों और अनुपस्थित अभ्यर्थियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निजी अध्ययन केंद्रों को 31 मार्च तक जमा करवाना होगा नवीनीकरण शुल्क

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सभी निजी अध्ययन केंद्रों को 31 मार्च, 2027 तक नवीनीकरण शुल्क जमा करवाना अनिवार्य है। निर्धारित समय में शुल्क जमा नहीं करवाने वाले केंद्रों का परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा।

आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही परिणाम जारी होगा। उन्होंने सभी अध्ययन केंद्रों और अभ्यर्थियों से मार्च 2027 की परीक्षा के लिए लागू संशोधित नियमों, निर्देशों और विवरणिका का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

Dainik Svera dt 27/10/26

एसओएस परीक्षाओं के लिए 2 नवंबर से आवेदन, 30 तक नहीं लगेगा विलंब शुल्क

- **आठवीं, दसवीं और जमा दो के छात्रों के लिए बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल**
- **देरी से आवेदन पर लगेगा 2,000 रुपये तक जुर्माना**

सवेरा न्यूज

धर्मशाला, 26 अक्तूबर: हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के तहत आठवीं, दसवीं और जमा दो की मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश आवेदन प्रक्रिया 2 नवंबर से शुरू होगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा के लिए समय-सारणी जारी करते हुए पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय में आवेदन करने की अपील की है।

बोर्ड के अनुसार, विद्यार्थी अपने नजदीकी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद 1 से 31 दिसंबर तक आवेदन करने पर 1,000 रुपये तथा 1 से 30 जनवरी, 2027 तक आवेदन करने पर 2,000 रुपये विलंब शुल्क देना होगा। बोर्ड ने विभिन्न कक्षाओं और प्रवेश श्रेणियों के लिए शुल्क तय किया है। आठवीं कक्षा में सीधे प्रवेश के लिए 2,400 रुपये और टीओसी के साथ 2,600 रुपये शुल्क निर्धारित है। दसवीं में सीधे प्रवेश के लिए 3,000 रुपये तथा टीओसी के साथ 2,900 रुपये, जबकि जमा दो में क्रमशः 2,900 रुपये और 2,800 रुपये शुल्क देना होगा। दसवीं और जमा दो में अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि री-अपीयर और इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं की तिथियां सितंबर 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अलग से जारी की जाएंगी। अध्ययन केंद्रों को आधिकारिक अधिसूचना जारी होने तक इन परीक्षाओं की प्रक्रिया शुरू नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

पीसीपी कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2027 परीक्षा सत्र के लिए एचपीएसओएस के फ्रेश एडमिशन और अतिरिक्त विषय के अभ्यर्थियों को पीसीपी कक्षाओं में उपस्थित रहना अनिवार्य है। कक्षाएं 1 से 18 फरवरी, 2027 तक आयोजित होंगी। अध्ययन केंद्रों को रिपोर्ट 19 फरवरी तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होगी। अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। वहीं, निजी अध्ययन केंद्रों को 31 मार्च, 2027 तक नवीनीकरण शुल्क जमा करवाना होगा, अन्यथा उनका परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा।

Himachal Dastak Dt. 27-10-2026

एसओएस परीक्षाओं के लिए पीसीपी कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2027 परीक्षा सत्र के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के अंतर्गत प्रेप एडमिशन एवं अतिरिक्त विषय श्रेणी में नामांकित अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) की कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीसीपी कक्षाएं 1 फरवरी से 18 फरवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी। सभी संबंधित अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीसीपी कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें तथा इसकी रिपोर्ट 19 फरवरी, 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाएं।

डिजिटल अख़बार
पहली नज़र
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
26 अक्टूबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

मार्च 2027 की एसओएस परीक्षाओं के लिए पीसीपी कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य : डॉ. राजेश शर्मा

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2027 में आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) की परीक्षाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि नए प्रवेश और अतिरिक्त विषय श्रेणी में नामांकित अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) की कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि पीसीपी कक्षाएं 1 फरवरी से 18 फरवरी, 2027 तक आयोजित की जाएंगी। सभी संबंधित अध्ययन केंद्रों को इन कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अध्ययन केंद्रों को कक्षाओं के संचालन संबंधी रिपोर्ट 19 फरवरी, 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होगी।

कक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगा प्रवेश पत्र

निजी अध्ययन केंद्रों को 31 मार्च तक जमा करवाना होगा नवीनीकरण शुल्क

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित नहीं करने वाले अध्ययन केंद्रों और



कक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले संबंधित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। ऐसे में अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

31 मार्च तक जमा करवाना होगा अध्ययन केंद्रों का नवीनीकरण शुल्क

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सभी निजी हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्रों को निर्धारित नवीनीकरण शुल्क 31 मार्च, 2027 तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा के भीतर शुल्क जमा नहीं करवाने वाले अध्ययन केंद्रों का परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही संबंधित परिणाम जारी किया जाएगा।

संशोधित नियमों का पालन करने के निर्देश

डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में संचालित हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के सभी अध्ययन केंद्रों को मार्च 2027 की परीक्षा के लिए लागू संशोधित नियमों, नवीनतम निर्देशों और संशोधित विवरणिका का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने सभी अध्ययन केंद्रों और अभ्यर्थियों से बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की, ताकि परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं को निर्धारित नियमों के अनुसार पूरा किया जा सके।

OCTOBER 27, TUESDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HIMACHAL OPEN SCHOOL CRACKS THE WHIP FOR MARCH 2027 EXAMS

The Sunny Times | New Delhi |

In an aggressive move to clean up academic discipline, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has declared attendance in preparatory classes strictly mandatory for students eyeing the March 2027 State Open School (HPSOS) examinations. The board's stern message is unambiguous: skipping sessions means forfeiting your exam hall ticket.

Announcing the directive, HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that mandatory Personal Contact Programme (PCP) classes will run from February 1 to February 18, 2027. The attendance mandate binds every candidate enrolled under both fresh admissions and additional subject categories. Study centres must submit their final attendance tallies to the board headquarters by February 19, 2027, leaving zero margin for absenteeism. Students who skip these classrooms will find their admit cards blocked immediately, while derelict centres that fail to conduct sessions face prompt regulatory action.

The administrative squeeze does not end with students. Private HPSOS study centres are now on a strict clock to submit their mandatory annual renewal fees by March 31, 2027. Dr. Sharma warned that the board will instantly freeze and withhold the examination results of any non-compliant centre until every financial due and formal compliance requirement is resolved. With newly amended regulations, upgraded guidelines, and a revised prospectus now in force across Himachal Pradesh, education authorities are putting both institutions and candidates on immediate notice that casual shortcuts are off the table.



Amar Ujala 26/10/2026

एसओएस परीक्षा के लिए दो से आवेदन

8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 परीक्षाओं के लिए शेड्यूल तय

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के तहत 8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं के कार्यक्रम तय हो गया है।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश आवेदन प्रक्रिया की घोषणा की है। परीक्षा में बैठने के इच्छुक और पात्र छात्र 2 नवंबर 2026 से अपने नजदीकी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार छात्रों को 2 नवंबर से 30 नवंबर तक बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन करने की छूट होगी। तय समय सीमा के बाद फॉर्म भरने वाले छात्रों को जुर्माना भरना होगा। पहली दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच आवेदन करने पर 1,000 रुपये और 1 जनवरी से 30 जनवरी 2027 तक आवेदन करने पर 2,000 रुपये का विलंब शुल्क देना होगा। छात्र आवश्यकतानुसार फ्रेश एडमिशन (डायरेक्ट/बिना टीओसी), टीओसी के साथ नए या पुनः प्रवेश और अतिरिक्त विषय जैसी श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं।

कक्षा 8वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन का शुल्क 2,400 रुपये और टीओसी के साथ 2,600 रुपये रखा गया है। कक्षा 10वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन फीस 3,000 रुपये व टीओसी के साथ 2,900 रुपये है। वहीं, 12वीं के लिए यह शुल्क क्रमशः 2,900 रुपये और 2,800 रुपये तय किया गया है। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपये का शुल्क लगेगा। डॉ. राजेश शर्मा ने साफ किया कि री-अपीयर और एक वर्ष के भीतर होने वाली सुधार परीक्षाओं की तिथियां सितंबर 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अलग से जारी की जाएंगी। ब्यूरो



हेल्पलाइन नंबर जारी : जानकारी या संशय के लिए छात्र बोर्ड की वेबसाइट डब्लयूडब्लयूडब्लयू डॉट एचपीबीओएमई डॉट ओआरजी पर विजिट कर सकते हैं। इसके अलावा 8वीं और 10वीं कक्षा के लिए 01892-242199, 12वीं कक्षा के लिए 01892-242152 और किसी भी प्रशासनिक जानकारी के लिए 01892-242159 संपर्क नंबर जारी किया है।

पीजी की असाइनमेंट जमा करने के निर्देश

शिमला। सीडीओई के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को असाइनमेंट जमा करने के लिए जल्द प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एमए के कई विषयों के विद्यार्थियों के लिए 30 और 31 अक्तूबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। एमए अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी 31 अक्तूबर, समाजशास्त्र के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के असाइनमेंट 28 अक्तूबर से दो नवंबर तक जमा होगी। संवाद

पंजाब केसरी
MON,26 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

एच.पी.एस.ओ.एस. की परीक्षाओं के लिए 2 से करें आवेदन

ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश आवेदन प्रक्रिया का शैड्यूल जारी

धर्मशाला, 25 अक्तूबर (सुनील): हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत 8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश आवेदन प्रक्रिया का शैड्यूल जारी कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा में बैठने के इच्छुक और पात्र छात्र 2 नवम्बर 2026 से अपने नजदीकी एच.पी.एस.ओ.एस. अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बोर्ड द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्रों को 2 नवम्बर से 30 नवम्बर तक बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। इसके बाद 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2026 तक 1,000 रुपए और 1 जनवरी से 30 जनवरी 2027 तक 2,000 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

विभिन्न कक्षाओं और श्रेणियों के लिए फीस संरचना तय की गई है, जिसके तहत 8वीं कक्षा में डायरैक्ट एडमिशन की फीस 2,400 रुपए तथा टी.ओ.सी. के साथ 2,600 रुपए होगी। 10वीं कक्षा में डायरैक्ट एडमिशन फीस 3,000 रुपए व टी.ओ.सी. के साथ 2,900 रुपए, जबकि 12वीं में क्रमशः 2,900 रुपए और 2,800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा 10वीं व 12वीं में अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपए देने होंगे।

बोर्ड प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि री-अपीयर और इम्प्रूवमैंट परीक्षा की तिथियां सितम्बर 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद अलग से जारी की जाएंगी। किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

Dainik Jagran 26/10/26

एचपी एसओएस परीक्षाओं के लिए आवेदन दो नवंबर से

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपी एसओएस) के अंतर्गत आठवीं, 10वीं व 12वीं कक्षा की मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं की तिथियां घोषित हुई हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने इसके लिए आनलाइन पंजीकरण व प्रवेश आवेदन प्रक्रिया का ऐलान किया है। छात्र दो नवंबर से अपने नजदीकी एचपी एसओएस अध्ययन केंद्र के माध्यम से आनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। छात्रों को दो से 30 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन करने की छूट होगी। पहली से 31 दिसंबर तक आवेदन करने पर एक हजार व पहली से 30 जनवरी तक आवेदन करने पर दो हजार रुपये विलंब शुल्क देना होगा।

शुल्क निर्धारित : छात्र अपनी आवश्यकतानुसार फ्रेश एडमिशन (डायरेक्ट/बिना टीओसी), टीओसी के साथ नए या पुनः प्रवेश और अतिरिक्त विषय जैसी श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 8वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन का शुल्क 2,400 रुपये व टीओसी के साथ 2,600 रुपये रखा गया है। 10वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन फीस तीन हजार रुपये व टीओसी के साथ 2,900 रुपये है। वहीं, 12वीं के लिए शुल्क क्रमशः 2,900 रुपये व 2,800 रुपये तय किया है। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपये का शुल्क लगेगा।

री-अपीयर और इम्प्रूवमेंट परीक्षा की तिथियां बाद में होंगी घोषित

री-अपीयर और एक वर्ष के भीतर होने वाली सुधार (इम्प्रूवमेंट) परीक्षाओं की तिथियां सितंबर 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अलग से जारी की जाएंगी।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

एसओएस मार्च 2027 एग्जाम को दो नवंबर से करें आवेदन

नगर संवाददाता– धर्मशाला

- 30 नवंबर के बाद लगेगा विलंब शुल्क

राज्य मुक्त विद्यालय के तहत आठवीं, दसवीं और जमा दो की मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश आवेदन प्रक्रिया दो नवंबर से शुरू होगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने परीक्षा आवेदन का शेड्यूल जारी किया है। पात्र विद्यार्थी नजदीकी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी 30 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद पहली से 31 दिसंबर तक आवेदन करने पर 1,000 रुपए और पहली से 30 जनवरी, 2027 तक आवेदन करने पर 2,000 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। आठवीं कक्षा में बिना टीओसी सीधे प्रवेश के लिए 2,400 और टीओसी के साथ 2,600 रुपए शुल्क रखा गया है। दसवीं कक्षा के लिए ये शुल्क क्रमशः 3,000 और 2,900, जबकि जमा दो के लिए 2,900 और 2,800 रुपए निर्धारित किए गए हैं। दसवीं और जमा दो में अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपए शुल्क देना होगा। री–अपीयर और एक वर्ष के भीतर होने वाली इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं की तिथियां सितंबर, 2026 के परीक्षा परिणाम आने के बाद जारी की जाएंगी।

Himachal dastak 26/10/26

एसओएस की 8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 परीक्षाओं के लिए 2 नवंबर से शुरू होंगे आवेदन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के अंतर्गत 8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं के लिए पंजीकरण 2 नवंबर से शुरू होंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश आवेदन प्रक्रिया का ऐलान कर दिया है। परीक्षा में बैठने के इच्छुक और पात्र छात्र 2 नवंबर से अपने नजदीकी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। बोर्ड द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, छात्रों को 2 नवंबर से 30 नवंबर तक बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन करने की छूट होगी। तय समय सीमा के बाद फॉर्म भरने वाले छात्रों को जुर्माना भरना होगा। 1 से 31 दिसंबर के बीच आवेदन करने पर 1,000 रुपये और 1 से 30 जनवरी, 2027 तक आवेदन करने पर 2,000 रुपये का विलंब शुल्क देना होगा। कक्षा 8वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन का शुल्क 2,400 रुपये और टीओसी के साथ 2,600 रुपये रखा गया है। कक्षा 10वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन फीस 3,000 रुपये व टीओसी के साथ 2,900 रुपये है।

Bhartendu shikhar 26/10/26

एचपीएसओएस: 8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 परीक्षाओं के लिए 2 नवंबर से शुरू होंगे आवेदन

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) की मार्च 2027 में होने वाली आठवीं, दसवीं और जमा दो की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दो नवंबर से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शेड्यूल जारी किया है। विद्यार्थी 30 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे। एक से 31 दिसंबर तक आवेदन पर 1,000 रुपये और एक से 30 जनवरी 2027 तक 2,000 रुपये विलंब शुल्क देना होगा। कक्षा के अनुसार प्रवेश शुल्क 2,400 से 3,000 रुपये तक निर्धारित है। अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपये शुल्क लगेगा। री-अपीयर और इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं की तिथियां बाद में घोषित होंगी। जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर संपर्क करें।

डिजिटल अख़बार
पहली नज़र
सबसे पहले, सबसे तेज
25 अक्तूबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नज़र के साथ

एचपीएसओएस : 8वीं, 10वीं और 12वीं की मार्च 2027 परीक्षाओं के लिए 2 नवंबर से शुरू होंगे आवेदन

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के अंतर्गत 8वीं, 10वीं और 12वीं (जमा दो) की मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं का बिगुल बज गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश आवेदन प्रक्रिया का ऐलान कर दिया है। परीक्षा में बैठने के इच्छुक और पात्र छात्र 2 नवंबर 2026 से अपने नजदीकी एचपीएसओएस अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

बोर्ड द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, छात्रों को 2 नवंबर से 30 नवंबर, 2026 तक बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन करने की छूट होगी। तय समय सीमा के बाद फॉर्म भरने वाले छात्रों को जुर्माना भरना होगा। 1 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2026 के बीच आवेदन करने पर 1,000 रुपये और 1 जनवरी से 30 जनवरी, 2027 तक आवेदन करने पर 2,000 रुपये का विलंब शुल्क देना होगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जारी किया शेड्यूल

30 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क अप्लाई कर सकेंगे छात्र



छात्र अपनी आवश्यकतानुसार फ्रेश एडमिशन (डायरेक्ट/बिना टीओसी), टीओसी के साथ नए या पुनः प्रवेश और अतिरिक्त विषय जैसी श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 8वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन का शुल्क 2,400 रुपये और टीओसी के साथ 2,600 रुपये रखा गया है। कक्षा 10वीं के लिए डायरेक्ट एडमिशन फीस 3,000 रुपये व टीओसी के साथ 2,900 रुपये है। वहीं, 12वीं के लिए यह शुल्क क्रमशः 2,900 रुपये और 2,800 रुपये तय किया गया है। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में अतिरिक्त विषय के लिए 1,100 रुपये का शुल्क लगेगा।

री-अपीयर और इम्प्रूवमेंट परीक्षा की तिथियां बाद में होंगी घोषित

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि री-अपीयर और एक वर्ष के भीतर होने वाली सुधार (इम्प्रूवमेंट) परीक्षाओं की तिथियां सितंबर 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अलग से जारी की जाएंगी। सभी अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि आधिकारिक अधिसूचना आने तक इन परीक्षाओं की प्रक्रिया शुरू न करें।

छात्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

किसी भी तरह की जानकारी या संशय के लिए छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर विजिट कर सकते हैं। इसके अलावा बोर्ड ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। 8वीं और 10वीं कक्षा के लिए 01892-242199, 12वीं कक्षा के लिए 01892-242152 और किसी भी प्रशासनिक जानकारी के लिए 01892-242159 पर संपर्क किया जा सकता है।

OCTOBER 26, MONDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HPSOS BLOWS THE WHISTLE FOR MARCH 2027 BOARD EXAMS STARTING NOVEMBER 2

The Sunny Times | Dharamshala |

Open school aspirants in Himachal Pradesh can officially gear up for game day, as the Himachal Pradesh State Open School has kicked into gear for its March 2027 exams across classes 8, 10, and 12. Announcing the official roadmap from Dharamshala, HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the online registration gates swing wide open on November 2, 2026, through nearby designated study centres.

Candidates have an uninterrupted golden window to register without shelling out a single penny in late fines until November 30, 2026. Procrastinators will pay the price later: miss the initial deadline, and the board will slap a 1,000-rupee late fee for forms submitted between December 1 and December 31, 2026. Delay it further into the new year, and the penalty doubles to a steep 2,000 rupees for submissions between January 1 and January 30, 2027.

The board has broken down the costs into clear tiers across all standard streams. Direct admission for Class 8 sits at 2,400 rupees, while enrolling with Transfer of Credit costs 2,600 rupees. High schoolers aiming for Class 10 will shell out 3,000 rupees for fresh admission and 2,900 rupees with TOC benefits. For senior secondary Class 12 candidates, direct admission is priced at 2,900 rupees, dropping slightly to 2,800 rupees with TOC. Anyone looking to tackle an extra subject in either the 10th or 12th standard will pay an additional 1,100 rupees.

Students eyeing re-appear rounds or one-year score improvements must sit tight for now. Dr. Sharma underlined that those specialized schedules will drop only after the September 2026 examination results go live, instructing study centres to hold fire until official clearance arrives. For instant updates, students can head over to www.hpbose.org, or dial 01892-242199 for classes 8 and 10, 01892-242152 for Class 12, and 01892-242159 for general administrative support before the cutoff sirens ring.



पंजाब केसरी
SUN,25 OCTOBER 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

डी.एल.एड. काऊंसलिंग में 21 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, 698 सीटें अभी भी रिक्त

धर्मशाला, 24 अक्तूबर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए डिप्लोमा इन एलिमैंटरी एजुकेशन प्रवेश हेतु चौथे चरण की काऊंसलिंग 22 अक्तूबर, 2026 को आयोजित की गई। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस चरण में उपलब्ध कुल 719 सीटों के लिए 21 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 698 सीटें अभी भी खाली रह गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित नियमों व पारदर्शिता के साथ पूरी की जा रही है, ताकि पात्र एवं मेधावी अभ्यर्थियों को मैरिट के आधार पर संस्थानों में प्रवेश का अवसर मिल सके।



Dainik Jagran 25/10/26

डीएलएड चौथे चरण की काउंसिलिंग के बाद भी 698 सीटें रह गईं खाली

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन (डीएलएड) में प्रवेश के लिए चौथे चरण की काउंसिलिंग में 21 अभ्यर्थी पहुंचे। 22 अक्टूबर को हुई काउंसिलिंग के बाद भी 698 सीटें खाली रह गई हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डीएलएड में प्रवेश के लिए साझा प्रवेश परीक्षा (सीईटी)-2026 में प्राप्त अंकों के आधार पर चौथे चरण की काउंसिलिंग की गई।

इस दौरान 719 सीटें उपलब्ध थीं, लेकिन 21 अभ्यर्थियों ने ही काउंसिलिंग में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड की ओर से प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित नियमों व पात्रता मानदंडों के अनुसार करवाई जा रही है। काउंसिलिंग के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता सूची और निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के आधार पर संस्थानों में दाखिला लेने का अवसर दिया जाता है।

Amar ujala 25/10/26

केमिकल फ्री कागज पर छपेंगी बोर्ड की किताबें

विपिन चौधरी

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए पाठ्य पुस्तकों की छपाई में नए कागज का इस्तेमाल करेगा। किताबों की छपाई के लिए 80 जीएसएम के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें वर्जिन एग्रो पल्प और मेकेनिकल रहित पल्प पर फोकस रहेगा। कागज की गुणवत्ता के साथ निर्माण प्रक्रिया पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। केमिकल फ्री कागज का इस्तेमाल होगा। किताबों



को विद्यार्थियों तक पहुंचाने से पहले सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच करवाने की व्यवस्था भी रहेगी। निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के बाद ही पाठ्य पुस्तकें विद्यार्थियों को वितरित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए किताबों की छपाई की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कागज की गुणवत्ता और उसकी निर्माण प्रक्रिया से जुड़े मानकों को प्राथमिकता दी जा रही है। बोर्ड का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर गुणवत्ता वाली पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाना है। इसके लिए कागज की मजबूती, छपाई की स्पष्टता और टिकाऊपन जैसे पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 में किताबों की छपाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। नए और केमिकल फ्री कागज के इस्तेमाल की शर्त रखी गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता वाली किताबें उपलब्ध करवाना और उनकी सेहत पर विपरीत असर न पड़ने देना है। -डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik svera 25/10/26

डीएलएड की चौथे चरण की काउंसलिंग में 21 अभ्यर्थी पहुंचे, 698 सीटें खाली

सवेरा ब्यूरो धर्मशाला , 24 अक्तूबरः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन) सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए आयोजित चौथे चरण की काउंसलिंग में केवल 21 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस चरण में कुल 719 सीटें उपलब्ध थीं, जिनमें से 698 सीटें अभी भी रिक्त हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएलएड में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी)-2026 के प्राप्तांकों के आधार पर चौथे चरण की काउंसलिंग आयोजित की गई थी।

इसमें 21 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि उपलब्ध सीटों में से अधिकांश खाली रह गईं। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारित नियमों और पात्रता मानदंडों के अनुसार संचालित की जा रही है। काउंसलिंग के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट और निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के आधार पर संस्थानों में प्रवेश का अवसर दिया जाता है। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

Apka faisla 25/10/26

डी.एल.एड. सत्र 2026-28 की चौथे चरण की काउंसिलिंग में 21 अभ्यर्थियों ने लिया भाग : डॉ. राजेश शर्मा



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन (डी.एल.एड.) में प्रवेश हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (CET)-2026 के प्राप्तांकों के आधार पर चौथे चरण की काउंसलिंग दिनांक 22 अक्तूबर, 2026 को आयोजित की गई। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इस चरण की काउंसलिंग के अंतर्गत कुल 719 सीटें उपलब्ध थीं। काउंसलिंग प्रक्रिया में कुल 21 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 698 सीटें अभी भी रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं पात्रता मानदंडों के अनुरूप संपन्न करवाई जा रही है। काउंसलिंग का उद्देश्य पात्र अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट एवं निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के आधार पर संस्थानों में प्रवेश का अवसर प्रदान करना है।उ डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। डी.एल.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभिक स्तर पर शिक्षण कार्य के लिए आवश्यक व्यावसायिक दक्षताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

OCTOBER 25, SUNDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

SLUGGISH TURNOUT LEAVES 698 HIMACHAL D.EL.ED. SEATS VACANT IN FOURTH ROUND

The Sunny Times | Dharamshala |

Dharamshala witnessed an unusually low turnout during the latest admission round for teacher training programs across Himachal Pradesh. The Himachal Pradesh Board of School Education conducted the fourth phase of counseling for the two-year Diploma in Elementary Education for the 2026–28 academic batch on October 22, 2026. Despite offering 719 vacant seats across various training institutes, the round drew just 21 candidates, leaving 698 seats unoccupied.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma shared these figures, confirming that admissions are strictly determined by candidate scores from the Common Entrance Test 2026. He noted that the board is carrying out the entire enrollment drive in full compliance with established merit norms and eligibility guidelines to ensure every qualified candidate gets a fair opportunity to secure a seat.

Dr. Sharma reiterated the board's dedication to conducting transparent, orderly admissions while maintaining high standards in elementary teacher preparation. He underscored that the diploma program remains fundamental to equipping future educators with the vital pedagogical and classroom skills needed to teach young learners across the state.

